भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 340

जिसका उत्तर सोमवार, 2 फरवरी, 2026/13 माघ, 1947 (शक) को दिया गया

भारतीय स्टेट बैंक में नियुक्तियां

340. श्री मलैयारासन डी.:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में प्रबंध निदेशक (एमडी) सहित वरिष्ठ प्रबंधन पदों पर निजी क्षेत्र से उम्मीदवारों की नियुक्ति की अनुमति दी है;

(ख) यदि हां, तो एसबीआई और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में पहले से ही अनुभवी अधिकारियों का पूल होने पर भी ऐसी नियुक्तियों की अनुमति देने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने ऐसी नियुक्तियों में पारदर्शिता, योग्यता-आधारित चयन और हितों के टकराव की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए कोई दिशानिर्देश जारी या सुरक्षा उपाय किए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या यह कदम एसबीआई और अन्य पीएसबी में सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण या कमजोर होने की ओर क्रमिक बदलाव का संकेत देता है; और

(च) यदि हां, तो यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि ऐसे नीतिगत परिवर्तनों से मौजूदा कर्मचारियों के हितों, संसद के प्रति जवाबदेही और एसबीआई के जन सेवा अधिदेश से समझौता नहीं किया जाएगा?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के पूर्णकालिक निदेशकों (डब्ल्यूटीडी) की नियुक्ति के लिए एक समान, पारदर्शी और व्यापक ढांचा सुनिश्चित करने तथा प्रक्रिया को विकसित बैंकिंग और अभिशासकीय परिदृश्य के साथ संरेखित करने के लिए सरकार ने दिनांक 4.10.2025 को संशोधित समेकित दिशानिर्देश जारी किए। ये दिशानिर्देश पहले के बिखरे हुए अनुदेशों को एक एकल, सुसंगत ढांचे से प्रतिस्थापित करते हैं, जिससे नियुक्ति प्रक्रिया में अधिक स्पष्टता और एकरूपता आती है।

पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, चार बड़े राष्ट्रीयकृत बैंकों (बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और पंजाब नैशनल बैंक) में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी एंड सीईओ) का पद सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए खुला था। संशोधित समेकित दिशानिर्देशों के अंतर्गत, टैलेंट पूल का विस्तार करने और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में वरिष्ठ प्रबंधन संबंधी नियुक्तियों को वैश्विक सर्वोत्तम पद्धतियों के साथ संरेखित करने के उद्देश्य से, राष्ट्रीयकृत बैंकों में सभी एमडी और सीईओ पद, भारतीय स्टेट बैंक में एक प्रबंध निदेशक पद और बड़े राष्ट्रीयकृत बैंकों में एक कार्यकारी निदेशक पद निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए भी खोल दिए गए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के उम्मीदवार उक्त पदों के लिए पात्र बने रहेंगे।

(ग) और (घ): पारदर्शिता सुनिश्चित करने, योग्यता आधारित चयन और हितों के टकराव की रोकथाम के लिए, सरकार ने दिनांक 1.7.2022 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बोर्डों में पूर्णकालिक निदेशकों के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश करने हेतु वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) का गठन किया।

(ड.): जी, नहीं।

(च): प्रश्न ही नहीं उठता।

******